>

Title: Need to provide free irrigation and power facilities to farmers in the country particularly in Bundelkhand region.

श्री आर.के.िंसह पटेल (बांदा): मैं सरकार का ध्यान अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर आकृष्ट कराना चाहूंगा, यह कि बुन्देलखण्ड सहित देश भर में किसान आज परेशान हैं। भारत हमेशा से एक कृषि प्रधान देश रहा है, किन्तु पिछले कुछ वर्षो से हालात ऐसे हो गये हैं कि किसान खेती-किसानी छोड़कर मजदूरी करने को तैयार हैं। सरकार को ऐसे उपाय खोजने होंगे कि किसान खेती भी करे और खुशहाल भी रहे। पंजाब में किसानों को पानी व बिजली पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है इसलिए वहां का किसान खुशहाल है। सरकार को बुन्देलखण्ड सहित सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में असिंचित क्षेत्र के किसानों को नःशुल्क सिंचाई के साधन व पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के उपाय करने होंगे, क्योंकि जब देश का किसान खुशहाल होगा तभी देश का विकास सम्भव है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि बुन्देलखण्ड सहित देशभर के सभी असिंचित क्षेत्र के किसानों को नःशुल्क सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराकर देश के किसानों को लाभ पहुंचाएं जिससे किसान आत्महत्या के लिए मजबूर न हो।